गोपनीय

सत्यमेव जयते

केवल राजकीय प्रयोग के लिए

राजस्थान में साम्प्रदायिक घटनाओं के निराकरण के संबंध में मार्ग–दर्शिका, 2015

राजस्थान सरकार, गृह (ग्रुप–13) विभाग विभाग के
परिपत्र संख्या प. 5(8) गृह–13 / 2008
दिसम्बर 16, 2015 द्वारा जारी

गोपनीय

राजस्थान सरकार
गृह (ग्रुप-13) विभाग

क्रमांक : प. 5(8) गृह-13/2008 जयपुर, दिनांक :16-12-2015

परिपत्र

राज्य में साम्प्रदायिक घटनाओं के निराकरण के संबंध में मार्ग-दर्शिका

1. साम्प्रदायिकता के कारण एवं रोकथाम हेतु वांछित कार्यवाही :

भारत के संविधान के अनुसार भारत एक धर्म निरपेक्ष राष्ट्र है अतः यह अपेक्षित है कि ऐसे प्रयास किये जावें कि ऐसी घटनाएं जिनसे धार्मिक सहिष्णुता एवं सद्भावना पर विपरीत प्रभाव पड़ता हो, नहीं घट सकें इसके सतत् प्रयास किये जावें एवं यदि इस प्रकार की कोई घटना होती है तो उस पर नियंत्रण कर धार्मिक सद्भाव के प्रयास किये जावे। प्रायः साम्प्रदायिकता के मूल कारण विभिन्न सम्प्रदायों के बीच पारस्परिक अविश्वास की भावना, धार्मिक असहिष्णुता, अन्तर समुदाय विवाद, प्रतिशोध की भावना, झूठी अफवाहें, सोशल मीडिया में आपत्तिजनक या अफवाह के पोस्ट/संदेश, गुण्डा तत्वों द्वारा भड़काये गये उपद्रव, साम्प्रदायिकता की दृष्टि से आपत्तिजनक नारे, धार्मिक स्थलों आदि से संबंधित विवाद, धार्मिक जुलूस के मार्ग व जुलूसार्थियों द्वारा दूसरे सम्प्रदायों के लोगों की धार्मिक भावनाओं के विपरीत की गई नारेबाजी एवं कार्यवाहियों, क्षुद्र राजनैतिक स्वार्थ आदि है। प्रारम्भिक स्तर पर साम्प्रदायिक घटनाओं के त्वरित निराकरण की ओर जिला प्रशासन द्वारा समुचित ध्यान नहीं दिए जाने के कारण छोटी-सी घटना या स्थानीय समस्या गंभीर साम्प्रदायिक घटना का रूप ले सकती है। अतः जिला प्रशासन के लिए नितान्त आवश्यक है कि साम्प्रदायिक सद्भाव दूषित करने वाली छोटी-बड़ी समस्याओं, स्थाई व अस्थाई अन्तर-साम्प्रदायिक विवादों एवं धर्मान्ध व कट्टर व्यक्तियों, संगठनों एवं अन्य असामाजिक तत्वों की गतिविधियों की तरफ निरंतर सजगतापूर्वक ध्यान दिया जाकर हर स्तर पर वांछित कार्यवाही अविलम्ब की जावे। इस क्रम में संभागीय आयुक्त तथा महानिरीक्षक पुलिस रेंज भी सतत् आवश्यकतानुसार क्षेत्र में लोकसम्पर्क बनाए रखेंगे।

2. बहुआयामी पंचस्तरीय कार्य-योजना :

साम्प्रदायिक सद्भाव को दुष्प्रभावित करने वाली घटनाओं/परिस्थितियों से निपटने के लिए प्रभावी एवं यथोचित कार्यवाही अविलम्ब किए जाने की आवश्यकता है। इस बाबत निम्नानुसार कार्य-योजना के अनुसार कार्यवाही अपेक्षित है :-

2.1 सामान्य समय में पुलिस द्वारा सतर्कता एवं सजगता
2.2 साम्प्रदायिक तनाव/दंगों के पूर्व की व्यूह रचना
2.3 साम्प्रदायिक तनाव एवं हिंसक दंगों के दौरान निपटने की व्यूह रचना।
2.4 साम्प्रदायिक घटना/तनाव के बाद की कार्यवाही।
2.5 घटनाओं का तथ्यात्मक विश्लेषण व अन्य कार्यवाहियां।

उपरोक्तानुसार कार्य योजना हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश आगे उल्लेखित है :-

2.1 सामान्य समय में जिला प्रशासन द्वारा सतर्कता एवं सजगता :

साम्प्रदायिक सौहार्द सुनिश्चित करने के लिए यह अत्यन्त महत्वपूर्ण है कि सामान्य समय में जिला प्रशासन द्वारा पूरी सतर्कता बरती जावें। इस दृष्टि से जिला प्रशासन विशेषकर पुलिस द्वारा निम्नानुसार व्यवहार अपनाया जाना अपेक्षित है :-

2.1.1 अग्रिम सजगता :

साम्प्रदायिक स्थिति उत्पन्न होने से पूर्व पुलिस एवं प्रशासन के अन्य विभागों की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। सामान्यतः इनकी कार्य-प्रणाली सजगतापूर्ण, निष्पक्ष, संवेदनशील, कुशल, सामयिक, सर्वमान्य एवं संतोषप्रद होनी चाहिए। जिससे यथासंभव सामान्य स्थिति बनाए रखी जा सके तथा उत्तरोत्तर या आकस्मिक रूप से विस्फोटक स्थिति उत्पन्न होने से बचा जा सके परन्तु फिर भी यदि किसी कारण साम्प्रदायिक घटना/तनाव हो जावे तो उस पर शीघ्रातिशीघ्र नियंत्रण कर पुनः सामान्य स्थिति बनाने हेतु पूर्ण प्रयास प्रत्येक प्रशासनिक स्तर पर किए जाने चाहिए। उक्त परिस्थितियों मे पुलिस की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इस हेतु पुलिस को निम्नलिखित सावधानियां बरतनी चाहिए :-

2.1.2 जागरूकता :

साम्प्रदायिकता को फैलाने से रोकने हेतु संबंधित थानाधिकारी से लेकर जिला स्तर पर हर माह उच्चाधिकारीगण को अपने क्षेत्राधिकार की साम्प्रदायिक स्थिति की क्राइम मीटिंग में संवेदनशील/अतिसंवेदनशील क्षेत्रों की समस्याओं के रूप में निरन्तर समीक्षा करते रहना चाहिए। उक्त समीक्षा को सार्थक बनाने हेतु संबंधित स्थान का जातिगत एवं साम्प्रदायिक विश्लेषण कर भौगोलिक स्थिति, पिछला साम्प्रदायिक इतिहास आदि तथ्यों पर तथ्यात्मक एवं औचित्यपूर्ण विचार-विमर्श किया जाकर तत्काल वांछित दिशा-निर्देश प्रदान किए जायें तथा उक्त निर्देशों की भली भांति पालना की जानी चाहिए। पूर्व में जिन क्षेत्रों में साम्प्रदायिक घटनाएं घटित हो चुकी है वहां उक्त घटनाओं के घटित होने के कारणों व दुष्प्रभावों, गंभीरता, पुलिस द्वारा बल प्रयोग, दंगों पर काबू पाने आदि के संबंध में तथ्यात्मक विश्लेषण कर उस क्षेत्र से संबंधित निष्कर्ष निकाले जाकर स्थानीय सम्प्रदायिकता से निपटने की उपयुक्त कार्य-योजना तैयार करनी चाहिए । इस हेतु पुलिस कार्मिकों को जागरूक बनाया जाना चाहिये।

2.1.3 विशेष अवसरों पर सतर्कता :

संभावित साम्प्रदायिक कारणों की समीक्षा कर उनका निराकरण किया जाना चाहिए। विशेष अवसरों पर मंदिर, देवरा, मस्जिद, मजार, तकिया, अन्य धर्मो के धार्मिक स्थल, कब्रिस्तान, श्मशान, गाय, सूअर, धर्मान्तरण, धार्मिक उत्सव तथा जुलूसों के मार्गों आदि पर समुचित निगरानी रखवाई जाकर अग्रिम आसूचनाएं एकत्रित किया जाना आवश्यक है ताकि साम्प्रदायिक सद्भाव न बिगड़ जावे।

2.1.3 (A) संवेदनशील घटनाओं एवं सूचनाओं से संबंधित रिकार्ड का संधारण :

कानून व्यवस्था की स्थिति से संबंधित स्थानों, घटनाओं आदि के संबंध में राजस्थान, पुलिस नियम, 1965 के अध्याय–2 में रिकार्ड संधारण एवं सूचनाओं के प्रेषण के प्रावधान किए गए है, जिनकी पालना प्रत्येक स्तर पर सुनिश्चित की जावें। वार्षिक मेले /त्योंहार, जुलूस, साम्प्रदायिक व जातीय झगडों सम्बंधी घटनाओं का इन्द्राज सम्बन्धित पुलिस थाने की ग्राम अपराध पंजिका (VCNB) में आवश्यक रूप से किया जावे।

2.1.4 संवेदनशील स्थानों का वर्गीकरण एवं आपात योजना तैयार रखना :

साम्प्रदायिक रूप से संवेदनशील प्रत्येक स्थान पर साम्प्रदायिक घटना के कुछ तौर–तरीके, व्यूह–रचना एवं कारण होते है। अतः इस संबंध में साम्प्रदायिक रूप से संवेदनशील एवं अत्यन्त संवेदनशील स्थानों को अलग–अलग वर्गीकरण किया जाकर वर्गीकरण के आधार, साम्प्रदायिकता के कारण, उनसे निपटने हेतु दिशा–निर्देश, साम्प्रदायिक तत्वों, गुण्डा एवं असामाजिक तत्वों, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थानों आदि से संबंधित विवरण पूर्व से ही संबंधित थानों, वृत्त अधिकारी कार्यालयों, उपखण्ड मजिस्ट्रेट, जिला पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, के कार्यालय में संकलित कर रखें जावे। इस संबंध में ऐसे प्रत्येक स्थान के लिए पूर्व में ही अलग–अलग आपात योजनाएं बनाई जाकर तैयार रखी जावें। इस संबंध में वांछित आपात योजना का विवरण परिशिष्ट–1 में अंकित है। पूर्व में ही बनाई गई आपात योजना का वर्ष में कम से कम एक बार पूर्वाभ्यास किया जाना चाहिए तथा यदि आपात योजना में कोई कमी महसूस की जावे तो अविलंब उसकी समीक्षा कर उसे कारगर एवं ताजा बनाया जाना चाहिए। उक्त योजना आवश्यकतानुसार थाना, वृत्त स्तर, जिला स्तर, राज्य स्तर पर बनाना उचित होगा तथा उक्त आपात योजना की प्रत्येक स्तर पर हर दूसरे वर्ष तथ्यपरक समीक्षा किया जाना भी उचित होगा जिसके लिए थाना स्तर की योजना पर यह कार्यवाही उपखण्ड मजिस्ट्रेट एवं वृत्ताधिकारी, पुलिस सर्कल स्तर पर जिला मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधीक्षक और जिला स्तर पर संभागीय आयुक्त तथा महानिरीक्षक पुलिस रेंज द्वारा सम्पन्न की जावेगी। राज्य स्तर पर यह समीक्षा कार्य मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव,गृह/प्रमुख शासन सचिव, गृह /शासन सचिव, गृह एवं महानिदेशक पुलिस तथा सहवृत्त महानिरीक्षक द्वारा किया जावेगा।

2.1.5 साम्प्रदायिकता को प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर कड़ी निगरानी :

संबंधित थाना क्षेत्र, वृत्त स्तर, जिला स्तर, राज्य स्तर, राष्ट्रीय स्तर, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली ऐसी सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जावे, जिनसे साम्प्रदायिक सद्भाव को ठेस पहुंचती हो तथा साम्प्रदायिकता की आग भड़क सकती हो।

2.1.6 शान्ति समितियों का गठन एवं बैंठकें :

साम्प्रदायिकता के निराकरण हेतु शान्ति समितियों का योगदान बहुत ही लाभप्रद रहा है। अतः साम्प्रदायिकता की दृष्टि से संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में सम्भ्रान्त

एवं असरदार दोनों सम्प्रदायों के नागरिकों, विभिन्न व्यापारिक संगठनों के मुखिया, स्कूल व कॉलेज के प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य आदि को सम्मिलित कर प्रत्येक मौहल्ला व थाना की शान्ति समितियों का गठन किया जावे। संबद्ध क्षेत्रों के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी शान्ति समितियों एवं नागरिकों से निरंतर सम्पर्क रखें तथा साम्प्रदायिक विवादों का सर्वमान्य हल त्वरित गति से ढूंढें। इस संबंध में आवश्यक रूप से त्रैमासिक गोष्ठी जिला स्तर पर व उपखण्ड स्तर की द्विमासिक तथा थाना स्तर पर मासिक आधार पर गोष्ठी किया जाना आवश्यक है किन्तु आवश्यकतानुसार यह गोष्ठी तत्काल बुलाई जानी चाहिए।

इसी प्रकार पुलिस थाना एवं जिला स्तर पर सी.एल.जी. का गठन कर उनकी नियमित बैठक आयोजित की जावे तथा साम्प्रदायिक तनाव की घटना के दौरान सम्बन्धित सी.एल.जी. सदस्यों का सक्रिय सहयोग लिया जावे।

2.1.7 कानूनी ज्ञान की समीक्षा :

साम्प्रदायिकता की विभिन्न स्थितियों से निपटने के लिए कानून द्वारा प्रदत्त अधिकारों एवं दायित्वों का ज्ञान भी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को होना आवश्यक है। इस संबंध में उक्त स्तरों पर होने वाली मासिक गोष्ठियों में समय–समय पर संबंधित थाना अधिकारियों द्वारा सभी संबद्ध से विचार–विमर्श करना तथा उन्हें नवीनतम कानूनी जानकारी देना आवश्यक होगा।

2.1.8 साम्प्रदायिकतापूर्ण प्रकाशनों व अन्य प्रचार माध्यमों पर सतत् निगरानी :

भड़कीले साम्प्रदायिक भाषणों, प्रकाशनों, समाचार पत्रों, साहित्य, पर्चों, फिल्मों और ऑडियो व वीडियो कैसिटों का पूरा लेखा–जोखा रखा जाकर दोषियों के विरूद्ध त्वरित गति से कानूनी कार्यवाही करवाई जानी चाहिए। इसी प्रकार सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट/संदेश पर निगरानी रखी जानी चाहिए तथा ऐसी पोस्ट/संदेश पर तत्परता से कार्यवाही की जानी चाहिए।

2.1.9 शस्त्रधारियों, विस्फोटक पदार्थों के लाइसेंस आदि की चैकिंग :

शस्त्रों तथा बारूद के लाइसेंसदारों व उपभोक्ताओं की समय–समय पर विस्तृत चैकिंग की जावे तथा उन पर कड़ी निगरानी रखी जानी चाहिए। समय–समय पर अवैध शस्त्रों के व्यापार, संकलन, निर्माण आदि से संबंधित अग्रिम सूचनाएं एक कर उसके विरूद्ध तुरंत कानूनी कार्यवाही की जावे तथा हथियारों का साम्प्रदायिक दंगों में प्रयोग नहीं किए जाने का पूर्व माहौल बनाये रखा जावे। संवेदनशील क्षेत्रो में स्थित पेट्रोल पम्प की सूची रखी जानी चाहिए एवं तनाव के दौरान इन पेट्रोल पम्पों की गतिविधियों पर भी कडी निगरानी रखी जावे।

2.1.10 पाक नागरिकों एवं अमित्र राष्ट्रों के नागरिको की गतिविधियों पर निगरानी :

पाक नागरिकों एवं अमित्र राष्ट्रों के नागरिको पर कड़ी निगरानी रखी जावे ताकि वे भूमिगत होकर साम्प्रदायिकता फैलाने में सफल न हो सकें।

2.1.11 कट्टरपंथियों एवं धार्मिक संगठनों पर निगरानी :

धर्म परिवर्तन करने वाले कट्टरपंथियों एवं धार्मिक संगठनों की कार्यवाहियों पर कड़ी नजर रखी जावे।

2.1.12 गोपनीय सूचना संग्रहण की व्यवस्था :

साम्प्रदायिक समस्या को ध्यान में रखते हुए इन्टेलीजेन्स प्रशासन के वर्तमान संगठनात्मक ढांचें के औचित्य, क्षेत्र एवं कार्य-कुशलता की पूर्ण समीक्षा थाना स्तर, जिला स्तर, राज्य स्तर पर प्राथमिकता के आधार पर की जानी चाहिए तथा इसको जागरूकता बनाने हेतु व साम्प्रदायिक समस्या से तुरंत निपटने हेतु दिशा-निर्देश संबंधित उच्च स्तर से निरंतर भेजे जाने चाहिए। इन्टेलीजेन्स स्टॉफ को सही प्रशिक्षण इस प्रकार से दिया जावे कि वे उचित एवं व्यवस्थित ढंग से संबंधित उच्चाधिकारीगण को समय पर अग्रिम वांछित आसूचनाएं एकत्रित कर भेज सकें। इस हेतु विभिन्न थाना क्षेत्रों के उन स्थानों, जो कि साम्प्रदायिक दृष्टि से संवेदनशील है, पर विशेष ध्यान दिया जाकर उक्त स्थानों पर अग्रिम आसूचना एकत्रीकरण हेतु स्टाफ को पदस्थापित करना आवश्यक है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में पदस्थापित विभिन्न विभाग के कर्मचारीगण व अधिकारीगण से वे निरंतर संपर्क कायम रख कर बिना किसी व्यवधान के निरंतर सही अग्रिम सूचनाएं भेज सकें। इस हेतु थाना स्तर पर डी. एस. बी. स्तर से प्रत्येक 15 दिन की अवधि में जिला पुलिस अधीक्षक व इन्टेलीजेन्स के पास साम्प्रदायिक समस्याओं से संबंधित सूचना प्रेषित की जानी चाहिए, जिसका प्रारूप परिशिष्ट-2 पर अंकित है। संबंधित पुलिस अधीक्षक उक्त रिपोर्ट जिला मजिस्ट्रेट के विमर्श के आधार पर मय अपनी टिप्पणी के अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (इन्टेलीजेन्स) एवं महानिरीक्षक पुलिस रेंज को तुरंत प्रेषित करेंगे। जिला मजिस्ट्रेट आवश्यकतानुसार संबंधित उपखण्ड मजिस्ट्रेट को निर्दिष्ट रखेंगे।

विभिन्न विभागों के राज्यकर्मी एवं सरकारी संस्थाओं के कार्मिक राज्य के आवासीय क्षेत्रों में निवासरत है। यह अपेक्षित है कि इस प्रकार के समस्त कार्मिकों को प्रोत्साहित कर उनका गोपनीय सूचना संग्रहण में प्रभावी उपयोग किया जावे।

2.1.13 औद्योगिक क्षेत्रों की विशिष्ट समस्याएं :

औद्योगिक क्षेत्रों में विभिन्न वर्गों एवं साम्प्रदायों के व्यक्ति कार्यरत रहते है तथा साथ-साथ रहते है। ऐसे क्षेत्र भी साम्प्रदायिक प्रदूषण की चपेट में आ सकते है। अतः साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने हेतु उक्त क्षेत्रों में त्रिकोणीय समितियों जिसमें राज्य सरकार, श्रम विभाग एवं श्रमिकों के प्रतिनिधि शामिल हो, बनायी जानी चाहिए। उक्त समिति की बैठकें आवश्यकतानुसार आयोजित की जाकर स्थिति की समीक्षा की जानी चाहिए। यदि कोई साम्प्रदायिक विवाद उत्पन्न हो गये हों तो, सही स्तर पर उनका त्वरित गति से निराकरण किया जाना चाहिए।

2.1.14 लाऊडस्पीकरों के प्रयोग हेतु अनुज्ञा पत्र की अनिवार्यता :

सामान्यतः लाऊडस्पीकरों का प्रयोग बिना अनुज्ञा पत्र के धार्मिक स्थलो में नहीं किया जाना चाहिए। यदि अनुज्ञा पत्र जारी भी किया जावे तो शहरी क्षेत्रों में रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि 11 बजे से सुबह 6 बजे के समय में उक्त अनुमति प्रदान नहीं की जानी चाहिए।

2.1.15 अग्रिम चेतावनी :

साम्प्रदायिक तत्वों के विरूद्ध इस आशय की अग्रिम चेतावनी दी जानी चाहिए कि उनके द्वारा साम्प्रदायिकता फैलाने पर उन्हें कठोरता से दंडित किया जावेगा।

2.1.16 जानवरों के सार्वजनिक वध पर रोक :

पशु–वध, पशु–क्रुरता एवं पशु–तश्करी को लेकर कतिपय मामलों में साम्प्रदायिक तनाव की स्थिति पैदा हो जाती है। इस बाबत विशेष सतर्कता बरती जावे एवं जानवरों के सार्वजनिक स्तरों पर वध करने की घटनाअें की कठोरतापूर्वक रोकथाम की जावे। गौ तस्करों की सूची बनाई जावे, विशेषकर उन जिलो में जिनकी सीमा अन्य प्रदेशों से लगी हुई है तथा उनके विरूद्ध समय–समय पर प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही की जावे।

2.1.17 धार्मिक स्थलों के निर्माण कार्य का नियमन :

धार्मिक स्थलों के निर्माण को लेकर साम्प्रदायिक सद्भाव दुष्प्रभावित नहीं हो, इसके लिए यह अपेक्षित है कि धार्मिक संस्थाएं (दुरूपयोग की रोकथाम) अधिनियम, 1958 के प्रावधानों की प्रभावी अनुपालना पर ध्यान रखा जावे एवं अवैध निर्माणों के विरूद्ध इस अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की जावे। किसी भी सूरत में धार्मिक स्थलों पर आग्नेयास्त्रों एवं विस्फोटक सामग्री एवं अपराधियों का एकत्रीकरण नहीं होने दिया जावें। छोटे–बडे सभी मंदिरों, मदरसों, मस्जिदों, तकिया व अन्य धार्मिक पूजा के स्थलों की फोटोग्राफी कराई जाकर रिकार्ड रखा जावे ताकि ऐसे धार्मिक स्थलों की तोडफोड़, नव निर्माण के आरोपों का सत्यापन हो सके।

2.1.18 प्रेस का उत्तरदायित्व :

साम्प्रदायिक सद्भाव बनाए रखने में संचार माध्यमों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रहती है। अतः यह अपेक्षित है कि जिला प्रशासन द्वारा संचार माध्यमों से सौहार्दपूर्ण संबंध रखते हुए उनका पूरा सहयोग प्राप्त किया जाए।

2.1.19 अधिकारियों द्वारा जनसम्पर्क :

विभिन्न स्तर के पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को उन गांवों, कस्बों क्षेत्रों का समय–समय पर दौरा करना चाहिए जो साम्प्रदायिक दृष्टि से संवेदनशील हैं अथवा पूर्व में जहां साम्प्रदायिक तनाव/घटना हो चुकी है उक्त क्षेत्रों में सभी स्तर के लोगों से जनसम्पर्क कर वहां की साम्प्रदायिक समस्याओं का अविलम्ब निराकरण करना चाहिये

तथा अपने ठोस संपर्क सूत्र बनाकर वांछित सूचनाएं भी निरन्तर प्राप्त करने के प्रयास किए जाने चाहिए तथा जनता में आपसी साम्प्रदायिक सौहार्द की पुनर्स्थापना के प्रयास किये जाने चाहिये।

2.1.20 स्वयंसेवी संस्थाओं से सम्पर्क :

पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को स्वयंसेवी संस्थाओं से भी अच्छा तालमेल रखना चाहिये ताकि साम्प्रदायिक दंगों एवं तनाव के दौरान आवश्यकतानुसार उनसे सहज ही सहयोग प्राप्त किया जा सके।

2.2 साम्प्रदायिक तनाव, दंगा एवं हिंसा से पूर्व की व्यूह–रचना :

इस संदर्भ में किसी भी छोटी से छोटी साम्प्रदायिक समस्या अथवा घटना के उत्पन्न होने पर यदि साम्प्रदायिक तनाव या दंगा घटित होने की आशंका महसूस की जावे तो समस्या का दृढ़ता से अविलम्ब निराकरण किया जाना चाहिए तथा इस संबंध में सम्पूर्ण प्रशासन को एकजुट होकर तुरन्त सामान्य स्थिति लाने का प्रयास करना चाहिये। इस संबंध में पुलिस को अत्यन्त जागरूक, सतर्क एवं दृढ़ होकर निम्नलिखित कार्यवाही करनी चाहिए :–

2.2.1 अनिर्णित पुराने विवादों का समाधान एवं समीक्षण :

ऐसे पुराने विवाद या अनिर्णित मामले जिनके कारण साम्प्रदायिक सौहार्द दुष्प्रभावित हो सकता है, के जल्द से जल्द समाधान कराने हेतु सतत् प्रयत्न किए जावें। इसके संबंध में अग्रिम सूचनाएं भी निरंतर एकत्रित की जाकर उनकी समय–समय पर समीक्षा की जावे। ऐसी समीक्षा त्रैमासिक आधार पर संयुक्त रूप से संभागीय आयुक्त तथा महानिरीक्षक रेंज के स्तर पर भी आयोजित किया जावे।

2.2.2 आंतरिक सुरक्षा योजना में 2.2.1 पर विचारणीय पुराने विवादों/अनिर्णित मामलों को भी समाविष्ट किया जावे। आंतरिक सुरक्षा लागू करने की आवश्यकता होते ही उसे तुरन्त लागू करने की कार्यवाही की जावे।

2.2.3 पुराने विवादों एवं अनिर्णित मामलों की प्रगति की समीक्षा महत्वपूर्ण उत्सवों, जुलूसों, सभा, सम्मेलनों से पूर्व भी आवश्यक रूप से की जावे तथा अग्रिम सूचनाएं एकत्रित कर उन पर विशेष ध्यान दिया जावे। इस हेतु आपात योजना में आवश्यक प्रावधान पूर्व में ही किये जावें तथा कट्टरपंथियों एवं समाज–कंटकों की पूर्व गिरफ्तारी आवश्यकतानुसार की जावे।

2.2.4 साम्प्रदायिक सूचनाओं की तत्काल पुष्टि :

साम्प्रदायिकता के संबंध में प्राप्त छोटी से छोटी सूचना को भी पूरी गंभीरता से लिया जाकर उसकी सतर्कतापूर्वक तुरन्त पुष्टि की जावे। पुष्टि होने पर इसकी सूचना अतिरिक्त महानिदेशक (इन्टेलीजेन्स) तथा राज्य सरकार को अविलम्ब भेजी जावे।

2.2.5 उपरोक्त प्रकार की घटना की सूचना शीघ्रतम माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों को दी जावे तथा उपलब्ध साधनों के आधार पर रोकथाम की कार्यवाही की जावे तथा ऐसी घटना से निपटने के लिए सतत् तत्पर रहना चाहिए। भारतीय दण्ड संहिता की धारा 153–ए, 153–बी, 295, 295–ए का इस प्रकार के मामलों में प्रकरण दर्ज किया जा सकता है।

2.2.6 साम्प्रदायिक अफवाहों पर नियंत्रण एवं खण्डन :

किसी भी कीमत पर साम्प्रदायिकता की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों पर अफवाहें नहीं फैलने दी जावें तथा अफवाहों के खण्डन के लिए प्रभावी संचार माध्यमों को प्रयोग कर जनता को अविलम्ब सही एवं वास्तविक स्थिति की जानकरी दिए जाने के पूर्ण प्रबंध करना आवश्यक है। जनता को वास्तविक स्थिति से अवगत कराने तथा अफवाहों के खण्डन के लिए जिले के शीर्ष अधिकारी जिला कलेक्टर /पुलिस आयुक्त व पुलिस अधीक्षक को प्रिन्ट व इलेक्ट्रोनिक मीडिया (विशेषकर स्थानीय टीवी चैनल) का उपयोग किया जाना चाहिए। फेसबुक/एसएमएस/व्हाटसअप/ग्रुप–एसएमएस इत्यादि का इंटरनेट/मोबाईल सेवाओं के माध्यम से अफवाहें फैलाये जाकर दुरूपयोग रोकने के लिए विशेष परिस्थितियों में निश्चित समायावधि के लिए निश्चित क्षेत्र में इंटरनेट/एसएमएस सेवा/मोबाईल सेवा पर प्रतिबंध लगाने/नियंत्रित करने के लिए कार्यवाही की जा सकती है। (परिशिष्ट–9)

उक्त कार्यवाही धारा 144(1) जा0फौ0 के तहत की जा सकती है जिसमें अधिकतम अवधि दो माह की हो सकेगी। दो माह से अधिक के लिए राज्य सरकार से पुष्टि किये जाने पर अवधि अतिरिक्त छः माह तक बढ़ाई जा सकेगी।

2.2.7 अल्पसंख्यकों को समुचित संरक्षण :

अल्पसंख्यकों को प्रशासन द्वारा संरक्षण दिया जावे तथा जो स्थल साम्प्रदायिकता की दृष्टि से ज्यादा संवेदनशील है, वहां कोई अप्रिय घटना नहीं घटे, इसको सुनिश्चित किया जावे।

2.2.8 अग्रिम सूचना एकत्रीकरण :

ठोस सामयिक एवं त्वरित अग्रिम सूचना संग्रह के लिए होशियार, परिपक्व एवं कुशल कर्मियों की नियुक्ति की जावे तथा विभिन्न स्तरों पर अपने निजी स्रोतों से भी सूचना का संग्रह किया जावे तथा प्राप्त सूचनाओं की वास्तविकता एवं बारीकी की पुष्टि भी महत्वपूर्ण मामलों में किया जाना आवश्यक है। इस संबंध में इन्टेलीजेन्स व जिला विशेष शाखा को सक्रिय किया जाना चाहिए। जिला मजिस्ट्रेट संबद्ध जिलों में पटवारी, गिरदावर तथा ग्राम सेवकों को भी ऐसी सूचना नियमित रूप से जिला पुलिस एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट स्तर पर एक निश्चित प्रपत्र में भिजवाने की व्यवस्था करें। सामप्रदायिक दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रो के थानाधिकारी उनके क्षेत्र में पदस्थापित पटवारी, गिरदावर, ग्रामसेवकों की सूची मय उनके मोबाईल नंबर व अन्य सम्पर्क नम्बर सहित रिकार्ड में रखे। इसी प्रकार सभी सरपंच एवं उपसरपंच के मोबाईल नम्बर भी रिकार्ड में रखे ताकि उनके सूचनाएं ली जा सके तथा उनका सहयोग लिया जा सके।

2.2.9 संदिग्ध असामाजिक एवं साम्प्रदायिक तत्वों पर निगरानी :

शरारती तत्वों, साम्प्रदायिक कट्टरपंथियों, असामाजिक एवं गुण्डा तत्वों की गतिविधियों एवं सम्पर्क सूत्रों पर समुचित निगरानी रखा जाना आवश्यक है। इस क्रम में नियमित रूप से ऐसे तत्वों की सूची बनाई जाकर पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट संयुक्त रूप से त्रैमासिक समीक्षण करें।

2.2.10 आगन्तुकों पर नजर :

अधीनस्थ क्षेत्रों मे बाहर से आने वाले ऐसे देशी एवं विदेशी व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखी जावे जो साम्प्रदायिक विचारों, भाषणों एवं साहित्य के माध्यम से साम्प्रदायिकता फैला सकते है। इस प्रकार के तत्वों में से उन तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जानी आवश्यक है जो धार्मिक स्थलों में ठहरकर धार्मिक प्रवचनों की आड में कट्टरपंथियों को तोड़–फोड की कार्यवाही करने के लिए साधन उपलब्ध कराते हैं तथा इस प्रकार का प्रशिक्षण देते हैं। ऐसे प्रतिष्ठानों के यात्री रजिस्टर व ठहरने वालों की समय–समय पर आकस्मिक चैकिंग की जानी चाहिए।

2.2.11 प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही :

आवश्यकता पड़ने पर प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही प्रभावी ढंग से की जावे। इस संबंध में भारतीय दंड संहिता, दण्ड प्रक्रिया संहिता, एन.एस.ए., टाडा (पी) एक्ट, गुण्डा एक्ट आदि कानूनों का सहारा लेकर साम्प्रदायिकता को भड़काने से पहले निरोधात्मक कानूनी कार्यवाही की जानी चाहिए ताकि स्थिति नियंत्रण से बाहर न हो सके तथा उक्त आशय का दृढ़ निश्चय संबंधित पक्षों तक पहुंचाया जावे। किन्तु ऐसे प्रकरण बनाते समय विशेषकर आतंकवादियों एवं विध्वंसक कार्यवाही निरोधक-अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही का निर्णय सोच समझकर वरिष्ठ स्तर पर ही लिया जावे। ऐसी कार्यवाही मात्र प्रकरण बनाने से ही पर्याप्त नहीं होती बल्कि प्रभावी अभियोजन भी किया जावे। इसको सुनिश्चित करने के लिए प्रकरणों में अभियोजन के विलम्ब, असफलता, व दुविधाओं के निवारण हेतु जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक, लोक अभियोजकों की मासिक तथा संभागीय आयुक्त एवं रेंज उप महानिरीक्षक त्रैमासिक गोष्ठी करे जिसका सार एक प्रतिवेदन में गृह विभाग को सूचित करे एवं उपयोगिता की दृष्टि से सुझावों/निर्णयों का प्रतिपालन करावें।

2.2.12 मुलाजमानों को उचित ब्रीफिंग :

पुलिसकर्मियों को नियुक्ति स्थल पर भेजने से पूर्व उन्हें स्थिति की सही जानकारी दी जावे तथा उनकी ड्यूटी व अधिकारों के बारे में बारीकी से समझाईश की जावे। मौके पर उचित कार्यवाही अमल में लाई जाकर उच्चाधिकारियों के निर्देश के इंतजार में स्थिति बिगड़ने नहीं दी जावे।

2.2.13 समुचित सुरक्षा प्रबन्ध :

सभा, सम्मेलन, प्रदर्शन, जुलूस एवं झांकी आदि के आयोजन के अवसर पर उसके शांतिपूर्वक संचालन एवं नियंत्रण हेतु समुचित सुरक्षा प्रबन्ध करने की कार्यवाही की

जानी चाहिए। इस संबंध में बिना पूर्व अनुज्ञा पत्र के इनको निकालने नहीं दिया जाना चाहिए। जहां तक हो सके इनके मार्ग पुराने होने चाहिए तथा नयी अनुज्ञा नहीं दी जावें ताकि इनकी वृद्धि को रोका जा सके।

2.2.14 अवैध शस्त्रों, आग्नेयास्त्रों, विस्फोटक सामग्री के संबंध में समुचित कार्यवाही :

समय–समय पर अवैध धारदार हथियारों, बम, आग्नेयास्त्रों तथा विस्फोटक सामग्री की तलाश हेतु ठोस उपाय किये जाने चाहिए। ऐसी सामग्री के उपलब्ध होने की सूचना प्राप्त होने पर उनके निर्माण, भण्डार एवं धारकों पर दबिश दी जाकर उक्त प्रकार की सामग्री जब्त की जानी चाहिए। साम्प्रदायिक दंगों से पूर्व उक्त प्रकार की सामग्री की मांग व पूर्ति बढ़ जाती है। जिसके उपयोग से दंगें और भी भयावह, विस्तृत एवं अनियंत्रित हो जाते है। ऐसी परिस्थितियों में उपरोक्त प्रकार की सामग्री का उपद्रवी तत्वों के गढ़ से तथा प्रेरकों द्वारा आदान–प्रदान भी शीघ्रगामी होता है। अतः प्रशासन व पुलिस को इन तथ्यों को ध्यान में रखना होगा।

2.2.15 प्रशासनिक सम्पर्कः

सदैव सुदृढ़ कानून एवं व्यवस्था के लिए पुलिस एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट में निरन्तर सम्पर्क रहना अपरिहार्य है। इस सम्बन्ध में जिला मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधीक्षक जिला के वरिष्ठ पुलिस, प्रशासनिक तथा अन्य विभागीय अधिकारियों के मध्य समन्वय हेतु आवश्कतानुसार गोष्ठी कर स्थिति का समीक्षण करे तथा सभी पहलूओं पर विमर्श कर गोष्ठी में लिए गए निर्णयों की सूचना संभागीय आयुक्त, महानिरीक्षक पुलिस रेंज तथा महानिरीक्षक (इन्टेलीजेन्स) को अविलम्ब भेजे।

2.2.16 पूर्व तैयारीः

साम्प्रदायिक तनाव की सूचना मिलते ही सम्बन्धित पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट परस्पर समन्वय से सम्बन्धित जिला चिकित्सा अधिकारी को उपयुक्त संख्या में मेडिकल टीमें व एम्बुलेंस तैयार रखने, फायर बिग्रेड के अधिकारियों को फायर बिग्रेड तैयार रखने एवं खाली टैकरों को पुनः भरने की व्यवस्था रखने, पुलिस लाईन मे फोर्स व वाहनों को तैयार रखने, पुलिस उप महानिरीक्षक रेंज एवं पुलिस महानिरीक्षक (प्रशासन) से वांछित सहायता प्राप्त करने हेतु सम्पर्क, नागरिक प्रशासन के सहयोग के सन्दर्भ में सेना की आवश्यकता समझी जावे तो उन्हे सतर्क एवं तैयार रखने हेतु सूचित करने, वायरलैस अधिकारियों से सहयोग प्राप्त करने, नागरिक सुरक्षा अधिकारियों को सतर्क रहने, आवश्यक सेवा व्यवस्था की पुनः व्यवस्था करने व उन्हे बनाये रखने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों से सम्पर्क करने, आवश्यक वस्तुओं को पर्याप्त मात्रा एवं उचित मूल्य पर आम जनता को सुलभ कराने की व्यवस्था करने हेतु जिला रसद अधिकारी से सम्पर्क करने, अधीक्षण/कार्यपालक विद्युत इंजीनियर से विद्युत सप्लाई के बारे में, जलदाय विभाग के अधीक्षण/कार्यपालक इंजीनियर से पर्याप्त जलापूर्ति प्रभावित क्षेत्रों में सार्वजनिक हाईड्रेन्ट को चालू करने की व्यवस्था करने हेतु, दूरसंचार के वरिष्ठ अधिकारियों से संचार व्यवस्था हेतु, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण/कार्यपालक इंजीनियर से मार्गो पर अवरोध हटाने की व्यवस्था, कारागार विभागों को संभावित

गिरफ्तारियों व तत्पश्चात जेल में उपयुक्त व्यवस्था आदि हेतु, डीजल व पेट्रोल की सप्लाई नियंत्रित रखने के लिए जिला रसद अधिकारी से सम्पर्क करने आदि की कार्यवाही अविलम्ब की जानी चाहिए। इसी प्रकार स्थानीय निकाय, निगमों आकाशवाणी, दूरदर्शन व लोक संचार प्रबन्धन से आवश्यकतानुसार सम्पर्क कर लिया जावे, क्योंकि इनकी तैयारी में कुछ समय लग सकता है। अतः इससे सम्बन्धित कार्यवाही अविलम्ब किया जाना उचित है ताकि उचित समय पर इनकी सेवाओं का जन अनुरक्षण एवं कल्याण हेतु उपयोग किया जा सके।

2.3 साम्प्रदायिक तनाव, दंगों एवं हिंसक दंगों के दौरान स्थितियों से निपटने की व्यूह–रचना

2.3.1 उग्र तनाव/दंगों/हिंसक घटनाओं के समय, प्रबन्ध व कार्य विभाजनः

ऐसे समय में जिला प्रशासन/पुलिस के अधिकारियों को स्पष्ट रूप से घटना के प्रारम्भ व सूत्रपात पर तत्काल कार्य विभाजन किया जाना चाहिए। जिसमें एक अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, विभिन्न व्यवस्थाओं जैसे प्रचार, प्रसार, रसद, सामान्य सेवा का प्रभारी, एक कानून व्यवस्था तथा अन्य रात्रिकालीन पारी का, इसी भांति पुलिस अधिकारियों में एक पुलिस बल के संचार नियंत्रण, अन्य दो दंगों/स्थिति के नियंत्रण तथा एक अधिकारी कण्ट्रोल रूम (नियंत्रण कक्ष में), समन्वय उपचार संचार तथा साधन एवं सामग्री के उपलब्ध कराने तथा एक अन्य अधिकारी कानूनी दृष्टि से कार्यवाही का प्रभारी बनाना चाहिए ताकि कोई भी पहलू उपलब्ध साधनों की दृष्टि से अछूता न रह जावे और जिले का वरिष्ठ अधिकारी एकांकी भी न रह जावे। दंगो के दौरान दर्ज होने वाले अभियोगों के अनुसंधान हेतु एक पुलिस अधिकारी के नेतृत्व में अनुसंधान टीम गठित की जावे। रेंज मुख्यालयों तथा जयपुर में ऐसी स्थिति मे समन्वय का कार्य तत्काल सम्भागीय आयुक्त/रेंज महानिरीक्षक पुलिस को करना चाहिए ताकि कानून व्यवस्था की स्थिति में बल प्रयोग व घटना पर कार्यवाही के समय पुलिस अधीक्षक स्वयं उपस्थित रह सके।

2.3.2 कठोर निरोधात्मक कार्यवाहीः

उपरोक्त समस्त प्रयासों एवं निरोधात्मक कार्यवाहियों के उपरान्त भी यदि साम्प्रदायिक तनाव अथवा दंगा भडक जाता है तो निष्पक्ष एवं तटस्थ भावना से बिना जाति, धर्म एवं वर्ग का विचार किये उसे पूरी कठोरता से विधि विधान के अनुसार दबा देना चाहिए। सीमावर्ती इलाकों में माकूल खोजबीन कर दंगा फैलने से रोकने का प्रयास करना चाहिए। साम्प्रदायिक एवं गुण्डा तत्वों के विरूद्ध भी कठोरतम कानूनी कार्यवाही त्वरित गति से की जानी चाहिए ताकि (पुनरावृत्ति) रोकी जा सके।

2.3.3 वांछित साधनों का आकलन व कार्यवाही

उपरोक्त अवस्था में समूचित फोर्स की उपलब्धता, अश्रुगैस गोलों, लाठियों, ढालों तथा आग्नेय शस्त्रों की उपलब्धता, उपयोगिता एवं प्रभाव का पूर्ण आकलन पुलिस वाहनों पर लाउडस्पीकर की व्यवस्था आदि तुरन्त कर लेनी चाहिए तथा स्थिति के अनुसार मौके

पर विधि अनुसार उपयुक्त बल प्रयोग मे किसी प्रकार की हिचक नही होनी चाहिए। इस सम्बन्ध में की गई कार्यवाही की सूचना तुरन्त ही स्टेट कण्ट्रोल रूम एवं उच्च पुलिस अधिकारीगण व राज्य सरकार को दी जानी चाहिए।

2.3.4 उचित व्यवस्था:

दंगों के दौरान पुलिस बल को समुचित रिहाईश, खाने पीने एवं आराम के साथ साथ बदली की भी व्यवस्था की जावे क्योंकि ऐसे अवसरों पर उनकी तैनाती काफी समय के लिए की जा सकती है। पुलिसकर्मियों के मनोबल को बढाने व निष्पक्षता हेतु उक्त प्रबन्ध और भी आवश्यक हो जाते है।

2.3.5 पूर्व चेतावनी की अनिवार्यता:

भीड़ को तितर–बितर करने के लिए बल प्रयोग से पूर्व नियमानुसार लाउडस्पीकर से भीड को चेतावनी दी जावे तथा इनका प्रयोग अफवाहों के खण्डन के लिए भी किया जावे।

2.3.6 बल प्रयोग के नियम:

विधि विरूद्ध जमा हुए लोगों को तितर–बितर करने, उग्र/हिंसक भीड को नियंत्रण करने में जहां भी बल प्रयोग करने की आवश्यकता होती है वहां यह नितांत आवश्यक है कि बल प्रयोग पुलिस मुख्यालय द्वारा समय–समय पर जारी दिशा निर्देशों एवं प्रशिक्षण के दौरान बतायी गई सावधानियों का उपयोग करते हुए युक्तिसंगत ढंग से किया जावे जिससे अनावश्यक या अवैधानिक बल प्रयोग का मुद्दा पैदा नही हो। अनियंत्रित/हिंसक भीड़ को बिखेरने के लिए बल प्रयोग की स्थिति होने पर भी मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं पुलिस जाप्ते को संयम एवं आत्म–नियंत्रण से काम लेना चाहिए। यह भी अपेक्षित है कि यदि बल प्रयोग मे लोगों को चोट पहुंच जाती है या कोई व्यक्ति हताहत हो जाता है तो उनका ईलाज/अंतिम संस्कार के सम्बन्ध में तत्काल व्यवस्था कराई जावे। इसके लिए यह आवश्यक है कि इस प्रकार की घटनाएं जिनमें विधि विरूद्ध भीड़ इकट्ठा होने/भीड़ के अनियंत्रित होने की स्थिति की संभावना बनती है या उसकी जानकारी मिलती है तो उन परिस्थितियों में एम्बूलेन्स आदि की व्यवस्था रखनी चाहिए एवं चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को भी सावचेत कर देना चाहिए।

2.3.7 साम्प्रदायिक संघर्ष में घायलों के उपचार/मृतकों के अंतिम संस्कार की व्यवस्था

कुछ ऐसी परिस्थितियां हो सकती है जिनमें साम्प्रदायिक संघर्ष के दौरान दोनों या उनमें से एक सम्प्रदाय के लोग घायल हो जाय या मृत हो जाये। ऐसे प्रकरणों में भी जिला प्रशासन के लिए अत्यंत आवश्यक है कि घटना स्थल पर पहुंचते की घायलों की चिकित्सा एवं मृतकों के अंतिम संस्कार कराय जाने की दिशा में तत्काल प्रयास किये जाये जिससे कि घायलों/मृतकों को लेकर तनाव आगे नही बढ़ सके।

2.3.8 घटनाक्रम का अंकन :

दंगों के निराकरण में जहां तक संभव हो विडियों, फोटोग्राफर एवं कम तथा समयानुसार घटनाओं का विवरण तुरन्त लिखा जावे। घटना से सम्बन्धित पूर्ण विवरण तुरन्त सही सही थानों को रोजनामचा आम में अंकित किया जावे तथा अपराध्र पंजीकरण एवं मुलजिमानों की गिरफ्तारी व तफ्तीश प्रारम्भ करने का कार्य अविलम्ब किया जावे।

2.3.9 अग्रिम आसूचना संग्रह :

साम्प्रदायिक दंगों एवं हिंसा के फैलाव पर तथा जारी रहने की अवस्था मे निरन्तर सामयिक, ठोस, सही एवं अग्रिम सूचनाओं का प्रवाह एवं आंकलन बना रहना चाहिए ताकि दंगाईयों एवं हिसंक तत्वों से प्रभावी रूप से निपटा जा सके। इस सम्बन्ध में इन्टेलीजेन्स विभाग एवं जिला विशेष शाखा के स्टाफ की विशेष भूमिका होगी जिनसे पूर्ण सतर्कता व जागरूकता से कार्य करने की अपेक्षा की जाती है। साम्प्रदायिक दंगों एवं हिंसा के फैलाव को अन्य स्थानों पर रोकने हेतु साम्प्रदायिक दृष्टि से संवेदनशील स्थानों पर तुरन्त पुलिस व्यवस्था, सूचना एकत्रीकरण एवं अफवाहों के खण्डन की भी कार्यवाही कराया जाना आवश्यक है।

2.3.10 प्रभावी अन्वेषण कार्यवाही:

अपराधियों की गिरफ्तारी, संदिग्ध पर दबिश, संदिग्ध स्थानों की तलाशी एवं माल की जप्ती जैसी कार्यवाहियों के अलावा तत्पर एवं प्रभावी अन्वेषण और कानूनी कार्यवाही भी की जानी चाहिए ताकि कानून व्यवस्था की पुनः स्थापना को बल मिल सके। अपराधों के अन्वेषण एवं स्थिति नियंत्रण हेतु किये जा रहे उपायों बाबत राजनैतिक हस्तक्षेप के आधार पर निर्णय न लेकर स्वविवेक से ही औचित्यपूर्ण कार्यवाही की जानी चाहिए। अपराधों के त्वरित गति से अन्वेषण हेतु अलग से एक अनुसंधान दल का समय पर गठन करना चाहिए। साम्प्रदायिकता फैलाने वालों के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जावे। इस क्रम में उच्च स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी के द्वारा निर्णय लिया जाना चाहिए ताकि किसी भी स्थिति में निर्दोष के फंसने की कोई परिस्थिति पैदा न हो सके।

2.3.11 जनसम्पर्क एवं शांति समितियों की भूमिका:

शांति व्यवस्था की पुनः स्थापना हेतु उपरोक्तानुसार कार्यवाहियों के साथ जनसम्पर्क, शांति समितियों की मीटिंग कर उनका सहयोग प्राप्त करने एवं विभिन्न सम्प्रदायों के सम्मानजनक नागरिकों से सहायता प्राप्त करने की कार्यवाही एवं उसकी समय-समय पर समीक्षा भी की जानी चाहिए जिससे साम्प्रदायिक सौहार्द की स्थिति कायम की जाने के साथ साम्प्रदायिक समस्या का त्वरित गति से सर्वमान्य निराकरण किया जा सके तथा अफवाहों का खण्डन किया जा सके। यह कार्य पुलिस अधीक्षक एवं जिला मैजिस्ट्रेटों के सहयोग से सम्पन्न किया जाना चाहिए। शांति समितियों में सम्बद्ध वर्गों के स्थानीय मौजिज लोगों को रखना चाहिए। पुलिस प्रशासन, शांति समितियों, समाजसेवी समितियों, समाज कल्याण समितियों, समाचार पत्र, लोक समाचार एवं जन

समाजसेवी समितियों, समाज कल्याण समितियों, समाचार पत्र, लोक समाचार एवं जन सम्पर्क तथा अन्य सम्बन्धित गैर–प्रशासनिक एवं निजी संस्थाओं/ईकाईयों के बीच सूझ–बूझ एवं पूर्ण समन्वय एवं संतुलन बनाएं रखने के प्रयत्न बने रहने चाहिए।

2.3.12. प्रभावी गश्त, नाकाबंदी तथा प्रचार आदि की व्यवस्था:

गश्त, पैट्रोलिंग एवं नाकाबंदी की व्यवस्था पुख्ता एवं मजबूत होनी चाहिए, जिससे साम्प्रदायिक एवं शरारती तत्वों को हिंसा, आगजनी एवं तोड़फोड़ का मौका नही मिल सके। इस क्रम में वस्तुस्थिति के परिचय तथा राजकीय निर्देशों आदि की समुचित जानकारी हेतु प्रभावी एवं पर्याप्त रूप से प्रचार माध्यमों का प्रयोग किया जावे। मौके पर आगजनी एवं लूटपाट की कार्यवाही पर तुरन्त काबू पाने हेतु त्वरित गति से समुचित कार्यवाही की जानी चाहिए तथा जल्द से जल्द बाद कानूनी कार्यवाही दंगे के अलामतों को नगर परिषद की सहायता से मौके पर से हटवा देना चाहिए ताकि समाचार पत्र, वीडियो कैसेट व आम जनता के द्वारा मौके के दृश्यों के प्रचारी से साम्प्रदायिक सौहार्द को अधिक ठेस न पहुंच सके।

2.3.13. रोकथाम की कार्यवाही (धारा 144 जा.फौ. आदि)

धारा 144 जा.फौ. एवं कर्फ्यू लगाने का सामयिक एवं ठोस निर्णय लिया जाकर उन आदेशों का दृढता से पालन कराया जावे। उक्त पाबंदियां लागू करते समय स्कूल, कॉलेज व अन्य शिक्षण संस्थाओं को बंद कराने या खुला रखने की परिस्थितियों पर सजगतापूर्वक निर्णय लेकर तद्नुसार स्पष्ट आदेश भी प्रसारित व प्रचारित किये जावे। कर्फ्यू लगाने के आदेश के तत्काल पश्चात इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे कि प्रभावित क्षेत्र में ही कर्फ्यू की पालना में सारा फोर्स नही खप जावे और आसपास के इलाकों में असामाजिक तत्व गडबडियां करने से नियंत्रित रहें। कर्फ्यू के दौरान उसका कठोरता से पालन कराया जावे। कर्फ्यू लगाये जाने के पश्चात उसमें ढील दिये जाने के सम्बन्ध में बारीकी से सोच विचार कर ही निर्णय लिया जाना चाहिए तथा आवश्यक वस्तुओं जैसे दूध, अनाज, मिट्टी का तेल, सब्जियां, फल, पशुचारा आदि के उचित मूल्यों पर वितरण की व्यवस्था की जावे। विभिन्न कार्यालयों को चालू रखने हेतु आवश्यक न्यूनतम कर्मचारियों व अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, रेल्वे स्टेशन, एयरपोर्ट, बस स्टेण्ड तथा अस्पताल आने जाने वालों और दाह संस्कार आदि हेतु कर्फ्यू पास की समुचित व्यवस्था निर्धारित स्थान पर की जानी चाहिए। इसका सार्वजनिक रूप से प्रचार भी किया जाना चाहिए ताकि लोगों को अनावश्यक असुविधा न हो तथा आवश्यक राज्यकार्य ठप्प न हो।

2.3.14. अन्य सुरक्षा बलों से सहयोग बाबत कार्यवाही:

लोक शांति बनाये रखने के लिए जहां भी अर्द्धसैनिक बलों या सैनिक बलों की आवश्यकता हो तो, उस बाबत आवश्यकता का आकलन कर अग्रिम तैयारी आवश्यक है। अर्द्ध सैनिक बलों का प्रयोग एवं उपयोगिता तथा सैनिक बलों की उपयोगिता को ध्यान में रखकर कार्यवाही अपेक्षित है। परन्तु यह भी आवश्यक है कि इस प्रकार की आवश्यकताओं का कुछ अनुमान होते ही महानिदेशक पुलिस एवं प्रभारी शासन सचिव, गृह विभाग को स्थिति से अवगत करवा दिया जावे। सैनिक बलों की तैनाती के लिए

अलग से विस्तृत दिशा निर्देश पत्र कमांक एफ9(57)गृह–5 /2007 दिनांक 04.08.2007 द्वारा जारी किये गए है (परिशिष्ट–3)। इसको ध्यान मे रखते हुए कार्यवाही की जावे। सैन्य अधिकारियों ने चर्चा के दौरान यह अवगत करवाया कि सेना के कॉलम के साथ जो कार्यपालक मजिस्ट्रेट लगाये जाते हैं उनको अपने दायित्व के बारे में काफी भ्रान्ति रहती है। यह आवश्यक है कि कार्यपालक मजिस्ट्रेट सेना के लिए कॉलम के साथ नियुक्त किया जाता है उसका प्रभारी मजिस्ट्रेट के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन करे। कार्यपालक मजिस्ट्रेट को इस बात से पूरी तरह अवगत करा दिया जावे कि वह उन सभी क्षेत्रों के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट के दायित्वों का निर्वहन करेगा जहां सेना के कॉलम को जाने की आवश्यकता पडती है।

2.3.15. फ्लैग मार्च :

दंगा नियंत्रण हेतु सैनिक एवं अर्द्धसैनिक बलों के प्रदर्शन हेतु एवं आम जनता में विश्वास की भावना पैदा करने हेतु दंगाग्रस्त क्षेत्रों में अन्य संवेदनशील स्थानों में फ्लैग मार्च का भी आयोजन करना श्रेयस्कर है।

2.3.16. संदिग्ध स्थानों की तलाशियां:

दंगों में प्रायः अनाधिकृत धारदार हथियारों, आग्नेयास्त्रों एवं विस्फोटक सामग्री का तोडफोड हेतु प्रयोग किया जाता है। अतः दंगों की रोकथाम हेतु संदिग्ध स्थानों व घरों की बारीकी से तुरन्त नियमानुसार तलाशियां ली जाकर उक्त प्रकार की सामग्री को जप्त करना चाहिए ताकि दंगों में इनका प्रयोग नही हो सके। वैध लाईसेंसधारियों के भी हथियार लाईसेंस व कारतूस वगैरहा सम्बन्धित थानेजात मे मंगवाकर उनकी चैकिंग की जानी चाहिए। इनकी आकस्मिक चैकिंग भी की जानी चाहिए।

2.3.17. पत्रकार सम्मेलन:

पुलिस तथा प्रशासन के उच्चाधिकारियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे दंगों के दौरान प्रतिदिन नियमित रूप से प्रेस समाचार समूह आदि के प्रतिनिधियों से निर्धारित स्थान पर मीटिंग करे उन्हे वास्तविक घटनाक्रम से अवगत करावे ताकि अफवाहों का प्रसार व प्रकाशन रोका जा सके तथा आम जनता में राज्य की प्रशासनिक क्षमता के प्रति विश्वास की भावना को बल मिल सके। इस हेतु राजकीय वाहनों पर लाउडस्पीकर लगाकर भी अफवाहों का खण्डन किया जावे।

2.3.18. इन्टेलीजेन्स:

साम्प्रदायिक दंगों व तनाव के दौरान इन्टेलीजेन्स विभाग की भी अहम भूमिका है। उक्त विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को अफवाह फैलाने वालों, अवैध हथियार, कारतूस, विस्फोटक सामग्री रखने वालों, प्राप्त करने वालों व विक्रेताओं की समस्याओं का राजनैतिक लाभ उठाने हेतु, किसी वर्ग विशेष के व्यक्तियों को भड़काने वालों, बाहर से आकर दंगा भडकाने वालों, पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों के मनोबल व निष्पक्षता पर निगरानी रखकर तत्कालीन सूचनाएं एकत्र कर सम्बन्धित अधिकारियों को देनी चाहिए।

इस सम्बन्ध में आवश्यकतानुसार कुशल कर्मचारियों एवं अधिकारियों की तुरन्त ड्यूटी लगाई जावे। डायरिस्ट का कार्य भी इन्टेलीजेन्स विभाग के कर्मचारियों द्वारा किया जाना चाहिए।

2.4 साम्प्रदायिक तनाव व घटना के बाद की कार्यवाही

साम्प्रदायिक तनाव/ संघर्ष की घटना के तत्काल बाद शीघ्रताशीघ्र साम्प्रदायिक समरसता/सद्भावना पैदा हो सके इसके लिए यह आवश्यक है कि संघर्षरत /तनावरत समुदाय के प्रमुख व्यक्तियां के बीच सोहार्दपूर्ण संवाद करवाया जावे। इस बाबत शांति–समितियों का योगदान काफी उपयोगी रहता है। यह भी अपेक्षित है कि निम्न बिन्दुओं पर अपेक्षित कार्यवाही की जावेः–

2.4.1. प्रशासनिक समन्वयः

दंगाग्रस्त लोगों को डाक्टरी सुविधाएं, आर्थिक सहायता एवं पुनर्वास की कार्यवाही हेतु प्रशासन के विभिन्न विभागों को आपसी समन्वय से तुरन्त कार्यवाही करनी चाहिए।

2.4.2 आवश्यक वस्तुओं का प्रबन्धः

दंगाग्रस्त क्षेत्रों में नियमित रूप से पानी, बिजली, खाद्यान्न व दूध आदि आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

2.4.3. अन्वेषण में तत्परताः

दंगों से सम्बद्ध पंजीबद्ध अपराधों का तत्परता से अनुसंधान कराया जाना चाहिए जिसके लिए विशेष अन्वेषक दल गठित किया जावें।

2.4.4. जांच सम्बन्धी सहयोगः

यदि साम्प्रदायिक दंगे के जांच हेतु कोई जांच समिति या जांच आयोग या जांच अधिकारी नियुक्त किया गया हो तो स्पष्ट कार्यसूची सुपुर्द की जाकर निर्धारित समय में रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निवेदन किया जावे। उक्त आयोग को राज्य सरकार के स्तर से वांछित सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित जिलाधीश को उक्त दायित्व संभालना चाहिए। समिति की रिपोर्ट की अनुपालना भी तीन माह के भीतर की जानी चाहिए।

2.4.5. चौकसीः

दंगे एवं उपद्रव से निपटने के बाद निरन्तर चौकसी बनाए रखी जावे। संवेदनशील स्थानों पर गश्त व पिकेट को तैनात किया जावे ताकि संवेदनशील स्थानों पर साम्प्रदायिक घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो।

2.4.6. साम्प्रदायिक दंगो की रिपोर्टः

साम्प्रदायिक घटनाओं/तनाव/दंगो के सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही की समीक्षा तथा स्थिति के युक्तिसंगत आंकलन हेतु यह अपेक्षित है कि घटना सम्बन्धी ब्यौरा तत्काल उपलब्ध कराया जावे। इस दृष्टि से यह आवश्यक है कि घटना के 48 घण्टों के भीतर परिशिष्ट–4 में निर्धारित प्रपत्र में प्रतिवेदन भेजना सुनिश्चित किया जावे। तदन्तर दो सप्ताह के अन्दर परिशिष्ट–5 में निर्धारित प्रपत्र में विस्तृत ब्यौरा भेजा जावे।

2.4.7. पारितोषिक व सजाः

दंगा नियंत्रण, साम्प्रदायिक सौहार्द की भावना पुनर्स्थापन एवं जान माल की रक्षा के उत्कृष्ठ कार्य करने वालों को निष्पक्ष रूप से अविलम्ब उचित पारितोषिक दिया जाना चाहिए। इसमें नागरिकों व राज्य कर्मचारियों को यथेष्ट रूप से सम्मिलित किया जाना चाहिए। इस बाबत जिलाकर्मियों/अधिकारियों के बारे में संभागीय आयुक्त तथा महानिरीक्षक रेंज अर्हता निर्धारित करेगें और वरिष्ठ स्तर के लिए महानिदेशक एवं प्रमुख शासन सचिव, गृह के स्तर से ऐसा निर्धारण किया जावेगा।

